UGC NET प्रश्न पत्र जनवरी 2017

(पेपर I)

द्वारा संचालित :

gradeup

ग्रेडअप

प्रश्नपत्र-I

1. किसी विद्यालय का प्राचार्य विद्यालय के कार्यक्रमों में शिक्षकों तथा छात्रों के प्रतिभाग क अभिवृद्ध करने की सम्भावना का पता लगाने के लिए उनके साथ साक्षात्कार सत्र आयोजित करता है| यह प्रयास अनुसंधान के लिस प्रकारता से सम्बंधित है?
   A. मूल्यांकन अनुसंधान
   B. मौलिक अनुसंधान
   C. क्रियात्मक अनुसंधान
   D. व्यवहत अनुसंधान

2. क्रियात्मक अनुसंधान करने में सोपानों का सामान्य अनुक्रम क्या होता है?
   A. विमर्श, प्रेक्षण, योजना, निर्माण, क्रियान्वयन
   B. योजना निर्माण, क्रियान्वयन, प्रेक्षण, विमर्श
   C. योजना निर्माण, विमर्श, प्रेक्षण, क्रियान्वयन
   D. क्रियान्वयन, प्रेक्षण, योजना निर्माण, विमर्श

3. निम्नाकित में अनुसन्धान चरणों का कौन सा क्रम तार्किक है?
   A. समस्या स्थापन, विश्लेषण, शोध अभिकल्प का विकास, परिकल्पना निर्माण, प्रदत्त एकत्रीकरण, सामान्यीकरण और निष्कर्ष निरूपण
   B. शोध अभिकल्प का विकास, परिकल्पना निर्माण, समस्या स्थापन, प्रद्दत विश्लेषण, निष्कर्ष निरूपण, प्रद्दत एकत्रीकरण
   C. समस्या स्थापन, परिकल्पना निर्माण, समस्या स्थापन, प्रदत्त विश्लेषण, निष्कर्ष निरूपण, प्रदत्त एकत्रीकरण
   D. समस्या स्थापन, प्रतिदर्श तथा प्रदत्त एकत्रीकरण उपकरणों के बारे में निर्णय करना, परिकल्पना, निर्माण, शोध साक्ष्य का संकलन एवं निर्वचन

4. नीचे फ़ो समुच्चय दिए गये हैं: अनुसंधान विधियाँ (समुच्चय-I) तथा प्रदत्त संकलन उपकरण (समुच्चय-II)| दोनों समुच्चय का मिलान करें तथा सही उत्तर का चयन करें|

समुच्चय – I (अनुसन्धान विधि)	समुच्चय– II (प्रदत्त संकलन उपकरण)
a. प्रयोगात्मक विधि	i. प्राथमिक तथा द्वितीयक स्रोतों का उपयोग करना
b. कार्योत्तर विधि	ii.प्रश्नावली
c. विवरणात्मक सर्वेक्षण विधि	iii. मानकीकृत परीक्षाएं
d. इतिव्रतात्मक (एतिहासिक) विधि	iv.विशेष अभिलक्षण परीक्षाएं

Codes :

	a	b	c	d
A.	ii	i	iii	iv
B.	iii	iv	ii	i
C.	ii	iii	i	iv
D.	ii	iv	iii	i

5. “शोध नैतिकता” का विषय शोध के किस चरण में सांगत माना जाता है?
   A. समस्या स्थापन तथा इसकी परिभाषा के चरण में
   B. शोध के समग्र के निर्धारण के चरण में
   C. प्रदत-संकलन तथा विवेचन के चरण में
   D. निष्कर्षों को प्रस्तुत किये जाने के चरण में

6. निम्नाकित में किस प्रारूप में प्रतिवेदन प्रारूप औपचारिक रूप से निर्दिष्ट होता है?
   A. डॉक्टरेट स्तरीय शोधपत्र
   B. शोधकर्ताओं का सम्मेलन
   C. कार्यशालाएँ एवं संगोष्ठियाँ
   D. संवाद प्रस्तुतियां

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा प्रश्न संख्या 7 से 12 तक के उत्तर दीजिये: :

अंतिम महायुद्ध जिसने आधुनिक विश्व की आधारशिला विकंपित कर दिया, भारतीय साहित्य पर स्वल्प प्रभाव ही दाल सका है| यह हिंसा के विरुद्ध आम रूप से बढ़ावा देने की प्रवृत्ति तथा पश्चिमी दुनिया की ‘मानवीय विज्ञप्त्यों’ के बारे में मोहभंग की स्थिति को प्रखरता से अभिव्यक्ति देने में ही सिमटा रहा| इसकी मुखर अभिव्यक्ति टैगोर की अंतिम कविताओं एवं उनके अंतिम महाग्रंथ ‘क्राइसिस इन सिविलैजेशन’ के माध्यम से हुई| इस समय भारत का बुद्द्जीवी वर्ग एक नैतिक अन्तर्द्वन्द की दशा से गुजर रहा था| एक ओर जहाँ वह संकट की घडी में इंग्लैंड के आदमी साहस के प्रति सहानुभूति व्यक्त किये बगैर नहीं रह सका, जिसमें रूसी लोग निष्ठुर नाजी सैन्य शक्ति से लोहा ले रहे थे, चीन, जापान की सेनोना को बूटों तले रौंदा जा रहा था; वहीं दूसरी ओर उनका अपना ही देश अपनी धरती की सैन्य शक्ति के नियंत्रण में था, भारतीय सेना, सुभाष बोस के नेतृत्व में दूसरी ओर से उनके कल्पना नहीं की जा सकती| यह सहज ही अनुमानित किया जा सकता है कि

1947 में भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति जो मित्र राष्ट्रों' के आविर्भाव क्रम में महत्वपूर्ण है तथा जो पडोसी देशों, जैसे दक्षिण-पूर्व एशिया में उपनिवेशवाद के अंत के रूप में फलित हुआ, सृजनात्मक ऊर्जा के विस्फोट को गतिमान कर सकता था| नि:संदेह एसा हुआ किन्तु शीघ्र ही देश के विभाजन की यंत्रणा, नरसंहार तथा लाखों लोगों का अपने ही देश से विस्थापित होने और महात्मा गांधी की शहादत की घटना के साथ कश्मीर पर पाकिस्तानी आक्रमण तथा बाद में बांग्लादेश में उसके अत्याचारों में मर्मस्पर्शी लेखन को प्रेरित किया था| इस कारण बंगला, हिंदी, कश्मीरी, पंजाबी, सिंधी तथा उर्दू में महत्वपूर्ण लेखन सामने आया| किन्तु केवल मर्मस्पर्शी अथवा भावपूर्ण लेखन अपने आपमें साहित्य को महानता प्रदान नहीं करता| इन आपदाओं के उपरान्त भी जो उत्साह एवं आत्मबल का कोष बना रहा वो राष्ट्रिय पुनर्निर्माण तथा आर्थिक विकास में आत्मसात हुआ| महान साहित्य का अभ्युदय सर्वदा ही खलबलियों की श्रंखलाओं से प्रस्फुटित हुआ है| आज का भारतीय पहले के सापेक्ष अपने परिमाण, विस्तार एवं विविधता में कहें अधिक सम्रद्ध है|

गद्यांश के आधार पर निम्नलिखत प्रश्नों (7 से 12) के उत्तर दें:

7. पिछले महायुद्ध का भारतीय साहित्य पर क्या प्रभाव पड़ा था?
   A. इसका कोई प्रबाव नहीं पड़ा था|
   B. इसने हिंसा के विरुद्ध जनाक्रोश बढा दिया था|
   C. इसने साहित्य की नीव को हिला दिया था|
   D. इसने पश्चिमी दुनिया को प्रबल समर्थन दिया|

8. अपने अंतिम महाग्रंथ (टेस्टामेंट) में टैगोर ने किसकी अभिव्यक्ति की?
   A. सुभाष बोस को समर्थन दिया था|
   B. पश्चिमी दुनिया की 'मानवीय-विज्ञप्तियों' की पोल खोली|
   C. इंग्लैंड के प्रति अपनी निष्ठां व्यक्त की|
   D. देशों की मुक्ति को प्रोत्साहन प्रदान किया|

9. महायुद्ध के समय भारतीय बुद्द्जीवियों की क्या सोच थी?
   A. वे रूसी लोगों के कष्टों के प्रति उदासीन थे|
   B. वे जापानी सैन्य शक्तिवाद के पक्ष में थे|
   C. उनकी अनिश्चितता निष्ठावानता ने सृजनात्मकता को बढ़ावा दिया|
   D. उन्होंने इंग्लैंड के दृढ-साहस के प्रति सहानुभूति जताई|

10. भारतीय साहित्य में सर्जनात्मक ऊर्जा को सन्निहित करने वाले करक की पहचान कीजिये|
   A. अपनी ही धरती की सैन्य आधिपत्य|
   B. औपनिवेशिक आधिपत्य का प्रतिरोध|
   C. विभाजन फलस्वरूप अनुभूत तीव्र यन्त्रणा|
   D. मित्र राष्ट्रों की विजय|

11. कश्मीर तथा बांग्लादेश की त्रासदी से जनित प्रभाव क्या थे?
   A. दुसरे देशोंका शंका-भाव
   B. प्रतिद्वंदिता की निरंतरता
   C. युद्ध का खतरा
   D. राष्ट्रिय पुनर्निर्माण

12. प्रस्तुत गद्यांश का कथ्य (सन्देश) क्या है?
   A. आपदाएं अवश्यभावी होती हैं|
   B. संक्षौभ-श्रंखलाओं से महान साहित्य का अभ्युदय होता है|
   C. भारतीय साहित्य का कोई विशिष्ट परिद्रश्य नहीं है|
   D. युद्ध और स्वतंत्रता से साहित्य का कोई लेना-देना नहीं है|

13. प्रभावी सम्प्रेषण में पहले से यह माना जाता है
   A. तत्स्था B. प्रभुत्व
   C. उदासीनता D. बोध

14. जब मौखिक तथा अमौखिक सन्देश परस्पर-विरोधी है, तो यह कहा जाता है कि अधिकाँश लोग विशवास करते है
   A. अनियत सदेशों में
   B. मौखिक सदेशों में
   C. अमौखित सदेशों में
   D. उग्र सदेशों में

15. किसी सूचना सम्रद्ध कक्षा व्याख्यान की सामान्य विशेषता इसके किस प्रकृति के होने मे होती है?
   A. गतिरहित
   B. सान्तरित
   C. तथ्यात्मक
   D. खंडात्मक

16. भावबोधक सम्प्रेषण किसके द्वारा प्रेरित होता है?
A. उदासीन उग्रता
B. कूट लेखात (एनकोडर) के व्यक्तित्व की विशेषताएं
C. बाहा संकेत
D. कूट लेखक-कूटानुवादक (डिकोडर) अनुबध

17. सकारात्मक कक्षा सम्प्रेषण का परिणाम निम्नांकित में से क्या होता है?
A. दबाव/अवपीडन
B. समर्पण
C. आमना-सामना
D. अनुनय

18. कक्षा सम्प्रेषण किसका आधार है?
A. सामाजिक पहचान का
B. बहा निरर्थकताओं का
C. पूर्वाग्रही-उदासीनता
D. सामूहिक उग्रता

19. श्रंखला 1, 4,27, 16, ?, 36, 343, ... में छूटा हुआ पद है
A. 30 B. 49
C. 125 D. 81

20. श्रंखला YEB, WFD, UHG, SKI, ? मने अगला पद होगा
A. TLO B. QOL
C. QLO D. GQP

21. यदि A का कूट C है, M का I है, N का P है, S का O है, I का A है, P का N है, E का M है, O का E है, और C का S है , तो COMPANIES का कूट होगा
A. SPEINMOAC
B. NCPSEIOMA
C. SMOPIEACN
D. SEINCPAMO

22. निम्नलिखित में से सतत प्रकार के डाटा की पहचान करें:
A. एक व्यक्ति द्वारा बोली जा सकने वाली भाषओं की संख्या'
B. एक घर में बच्चो की संख्या
C. शहरों की जनसंख्या
D. एक कक्षा में छात्रों कावजन

23. अली ने एक दूकानदार ने 21 रूपये में एक गिलास, एक पेन्सिल बॉक्स और एक कप खरीदा| राकेश ने दुकानदार से 28 रूपये में एक कप, दो पेंसिल बॉक्स और एक गिलास खरीदा| प्रीती ने दुकानदार से 35 रूपये में दो ग्लास , एक कप और दो पेंसिल बॉक्स खरीदे| 10 कपों का मूल्य होगा
A. Rs. 40 B. Rs. 60
C. Rs. 80 D. Rs. 70

24. नीचे दिए गये चार शहरों में से तीन किसी न किसी रूप मे एकसमान हैं, जबकि चौथा शर अलग है| इसकी पहचान कीजिये|
A. लखनऊ
B. ऋषिकेश
C. इलाहाबाद
D. पटना

25. नीचे तर्क की जूच विशेषताएं दी गयी हैं| निम्नांकित में से उस कूट क चयन करें जो निग्नात्मक तर्क की विशेषता नहीं बताता है:
A. निष्कर्ष प्रेक्षण तथा प्रयोग पर आधारित होना चाहिए|
B. निष्कर्ष आधार-वाक्य/वाक्यों द्वारा समर्थित होना चाहिए|
C. निष्कर्ष अनिवार्यत: आधार-वाक्य/वाक्यों से निकलना चाहिए|
D. तर्क वैध अथवा अवैध हो सकता है|

26. यदि समान उद्देश तथा विधेय के दो मानक निरपेक्ष तर्क-वाक्य इस प्रकार सम्बंधित हैं कि अगर एक अनिर्धारित रहता है, तो दूसरा भी अनिर्धारित होगा, तो उनका संबंध क्या कहलाता है?
A. असंगत
B. उपअसंगत
C. अंतर्विरोधी
D. अधीन

27. महलों तथा पुरुषों की प्रजन्नात्मक क्रियाविधि अलग-अलग हो सकती है, लेकिन किसी को भी दूसरे के सापेक्ष अधिक अपकृष्ट अथवा उत्कृष्ट नहीं माना जा सकता है, उसी तरह जिस प्रकार किसी पक्षी के पंखों को मीनपक्षों के सापेक्ष उत्कृष्ट अथवा अपकृष्ट नहीं माना जा सकता है| यह किस प्रकार का तर्क है?
A. जीवविज्ञानीय
B. शरीर सबंधी
C. साद्रश्यपरक
D. काल्पनिक

28. निम्नांकित तर्कवाक्यों में दो इस प्रकार सम्बंधित हैं कि वः दोनों सहीं नहीं हो सकते हैं, किन्तु वे दोनों गलत हो सकते हैं| उस कूट का चयन करें जो उन दो तर्कवाक्यों को बताते हैं|

तर्क-वाक्य

a प्रत्येक छात्र दत्तचित्त होता है|

B. कुछ छात्र दत्तचित्त होते हैं|

C छात्र कभी भी दत्तचित्त नहीं होते हैं|

D कुछ छात्र दत्तचित्त नहीं होते हैं|

Codes :

A. (a) और (b)

B. (a) और (c)

C. (b) और (c)

D. (c) और (d)

29. नीचे दो तर्कवाक्य (a औरb) दिए गये हैं| उन दोनों तर्कवाक्यों से चार निष्कर्ष (i), (ii), (iii) & (iv) निकाले गये हैं| उस कूट का चयन करें जो तर्कवाक्यों से (एकल अथवा संयुक्त रूप से) मानी निष्कर्षों को दर्शाता है|

तर्कवाक्य:

a. अस्प्रश्यता एक अभिशाप है|

b. सभी गर्म बरतन अस्प्रश्य हैं|

निष्कर्ष:

i. सभी गर्म बरतन अभिशाप हैं|

ii. जूच अस्पर्श्य चीजें गर्म बरतन हैं|

iii. सभी अभिशाप अस्प्रश्यता है|.

iv. कुछ अभिशाप अस्प्रश्यता है|

Codes :

A. i और ii

B. ii और iii

C. iii और iv

D. ii और iv

30. यदि कथन ' और कोई नहीं बल्कि वीर व्यक्ति ही दौड़ में विजयी होता है' गलत है, तो निम्नाकित में से किस कथन को सही माना जा सकता है?

सही कूट का चयन करें|

A. सभी वीर व्यक्ति दौड़ में विजयी होते हैं|

B. दौड़ में विजयी होने वाले कुछ व्यक्ति वीर नहीं होते हैं|

C. कुछ व्यक्ति जो दौड़ में विजयी होते है, वीर होते हैं|

D. दौड़ में विजयी होने वाला कोई व्यक्ति वीर नहीं होता है|

नीचे दी गई तालिका में वर्ष 2012-15 के दौरान किसी प्रकाशन कम्पनी द्वारा पुस्तकों, पत्रिकाओं तथा जर्नलों की बिक्री की तीन श्रेणियां में बिक्री राजस्व (लाख रूपये में) संबंधी आंकड़े दिए गए हैं| तालिका में दिए गये आंकड़ों के आधार पर प्रश्न 31 से 33 के उत्तर दें|

	बिक्री राजस्व (लाख रुपए)			
वर्ष / मद	2012	2013	2014	2015
जर्नल	46	47	45	44
पत्रिका	31	39	46	51
पुस्तक	73	77	78	78
कुल				

31. वर्ष 2015 में पुस्तकों की बिक्री से कुल राजस्व का कितना प्रतिशत भाग प्राप्त हुआ?

A. 45% B. 55%

C. 35% D. 25%

32. कितने वर्षों में कम से कम दो मदों की श्रेणियां से राजस्व में वृद्धि हुई?

A. 0 B. 1

C. 2 D. 3

33. यदि वर्ष 2016 दे दौरान कुल बिक्री राजस्व में लगभग वर्ष 2014 की तुलना में वर्ष 2015, में हुई वृद्धि के अनुरूप वृद्धि होनी हो, तो वर्ष 2016 के दौरान राजस्व में वृद्दि लगभग क्या होनी चाहिए?

A. ₹ 194 लाख

B. ₹ 187 लाख

C. ₹ 172 लाख

D. ₹ 177 लाख

किसी विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर द्वारा एम.सी.ए छात्रों के संबध में आंकड़ा छात्रों के प्रदर्शन तथा लिंग के अनुसार तालिककृत किया गया है| आंकड़े को कम्प्यूटर के हार्ड डिस्क में रखा गया है, लेकिन संयोगवश कम्प्यूटर वायरस के कारण कुछ आंकड़े नष्ट हो गए| केवल निम्नांकित आंकड़े अभिरक्षित किए जा सके:

	एम.सी.ए. छात्रों की संख्या			
प्रदर्शन / लिंग	औसत	उत्तम	उत्कृष्ट	कुल
पुरुष			10	
महिला				32
कुल		30		

पैनिक बटनों को दबाया गया, किन्तु इसका कोई लाभ नहीं हुआ| एक विशेषज्ञ सीमित का गठन किया गया, जिसने यह निर्णय किया कि ये निम्नाकित तथ्य स्वत: साक्ष्य थे: :

1. आधे छात्र य अतो उत्कृष्ट या उत्तम थे|
2. 40% छात्र महिलाएं थीं|
3. पुरुष छात्रों में एक-तिहाई औसत स्तर के थे|

ऊपर दिए गये आंकड़े के आधार पर प्रश्न 34 से 36 के उत्तर दें|

34. कितनी महिला छात्राएं उत्कृष्ट हैं?
A. 0 B. 8
C. 16 D. 32

35. महिला छात्राओं का कितना अनुपात उत्तम है?
A. 0 B. 0.25
C. 0.50 D. 0.75

36. उत्तम छात्रों का लगभग कितना अनुपात पुरुष हैं?
A. 0 B. 0.73
C. 0.43 D. 0.27

37. निम्नलिखित में कौन सा/से कहतन सही है/हैं?
S1 : दशमलव संख्या 11 षोडश संख्या 11 से बड़ी है|
S2 : द्विआधारी संख्या 1110.101, के आंशिक भाग का दशमलव मान 0.625 है|
A. केवल S1
B. केवल S2
C. S1 तथा S2
D. न तो S1 न ही S2

38. निम्नलिखित दोनों कथनों को पढ़ें:
I : सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आई.सी.टी.) को सूचना (आई.टी.) का उपसमुच्चय माना जाता है|
II : सॉफ्टवेयर के किसी हिस्से के 'उपयोग-अधिकार' को कॉपी-राइट (सर्वाधिकार सुरक्षित) कहा जाता है|
उपरोक्त कथनों में से कौन कथन सही है/हैं?
A. दोनों I तथा II
B. न तो I, न ही II
C. केवल II
D. केवल I

39. निम्नलिखित में से कौन सा कम्प्यूटर मेमोरी प्रकारों में से उच्चतम से न्यूनतम गति (स्पीड) को सूचीबद्ध करता है?
A. सेकेंडरी स्टोरेज, मेन मेमोरी (आर.ए.एम.), कैश मेमोरी, सी.पी.यू. रजिस्टर्स
B. सी.पी.यू. रजिस्टर्स, कैश मेमोरी, सेकेंडरी स्टोरेज, मेन मेमोरी (आर.ए.एम.)
C. सी.पी.यू. रजिस्टर्स, कैश मेमोरी,सेकेंडरी स्टोरेज, मेन मेमोरी (आर.ए.एम.)
D. सी.पी.यू. रजिस्टर्स, कैश मेमोरी, मेन मेमोरी (आर.ए.एम), सेकेंडरी स्टोरेज

40. निम्नलिखित से वेब 2.0 अनुप्रयोगों की कौन सी विशेषता है?
A. एक से अधिक प्रयोगकर्ता वेब 2.0 के अनुप्रयोग के लिए एक समय पर केवल एक अपना समय निर्धारित करते हैं|
B. वेब 2.0 का अनुप्रयोग लोगों को आपस में मिलकर ऑनलाइन सूचना का आदान-प्रदान करने की क्षमता पर केन्द्रित होते हैं|
C. वेब 2.0 का अनुप्रयोग विषय प्रदान करता है न कि उसकी संरचन के लिए सुकारक होता है|
D. वेव 2.0 अनुप्रयोग केवल अपरिवर्तनीय प्रष्ठों का उपयोग करता है|

41. वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेर के संदर्भ में, एक समाहित प्रकाशन बनाने हेतु डाटा स्रोत में परिवर्ती सूचना के साथ प्रकाशन में अपरिवर्तनीय सूचनाओं के संयोजन के प्रक्रम को जाना जाता है
A. इलेक्ट्रॉनिक मेल
B. डाटा सोर्सिंग
C. मेल मर्ज
D. स्पैम मेल

42. 'डी.वी.डी.' प्रौद्योगिकी में डिजिटल डाटा के भण्डारण के लिए ऑप्टिकल मीडिया का उपयोग किया जाता है|
A. डिजिटल वेक्टर डिस्क
B. डिजिटल वॉल्यूम डिस्क
C. डिजिटल वर्सेटाइल डिस्क
D. डिजिटल विजुअलाइजेशन डिस्क

43. अभिकथन (A) : सतत विकास मानव समाज के कल्याण की लिए महत्त्वपूर्ण है|
तर्क (R) : पर्यावरणीय द्रष्टि से सही नीति पर्यावरण को क्षति नहीं पहुंचाती है अथवा प्राकृतिक संसाधनों का क्षरण नहीं करती है|
सही कूट का चयन करें:
A. (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R) ,(A) की सही व्याख्या है|

B. (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R) ,(A) की सही व्याख्या नहीं है|
C. (A) सही है, किन्तु (R) गलत है|
D. (A) गलत है, किन्तु (R) सही है|

44. शहरी क्षेत्रों में नाइट्रोजन ऑक्साइड (NO_X) के कारण प्रदूषण का प्रमुख स्रोत है
A. सड़क परिवहन
B. वाणिज्य क्षेत्र
C. उद्योगों में प्रयुक्त ऊर्जा
D. पॉवर प्लांट

45. निम्नलिखित में से जल जनित-रोग नहीं है?
A. टायफाइड
B. हेपेटाइटिस
C. हैजा
D. डेंगू

46. भारत सरकार का लघु जल-विद्युत परियोजनाओं से वर्ष 2022 तक पावर उत्पादन का लक्ष्य है
A. 1 गीगावाट
B. 5 गीगावाट
C. 10 गीगावाट
D. 15 गीगावाट

47. किस देश में हाल ही में हाइड्रो फ्लोरो कार्बन्स (HFCs) को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने सम्बन्धी अन्तराष्ट्रीय करार पर हस्ताक्षर किए गए?
A. रवांडा
B. मोरक्को
C. दक्षिण अफीका
D. अल्जीरिया

48. निम्नलिखित प्राकृतिक आपदाओं में से कौन सी हाइड्रो-मौसमी नहीं है?
A. हिम स्खलन
B. समुद्री कटाव
C. उष्णकटिबंधीय चक्रवात
D. सुनामी

49. उच्च शिक्षा के वैश्वीकरण के निम्नलिखित में से कौन-कौन से अवगुण हैं?
1. विश्व पाठ्यक्रमों के साथ सम्मुखीकरण
2. शिक्षा में अभिजात्य को बढ़ावा
3. शिक्षा का वस्तुकरण
4. शिक्षा में लगत में बढ़ोत्तरी

निम्नलिखित कूटों में से सहीं उत्तर का चयन करें:
कूट:
A. 1 तथा 4
B. 1, 3 तथा 4
C. 2, 3 तथा 4
D. 1, 2, 3 तथा 4

50. निम्नलिखित में से डीम्ड विश्वविद्यालय के विषय में कौन सा कथन सही है?
1. राज्य की राज्यपाल डीम्ड विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति होते हैं|
2. वे अपना पाठ्क्रम तथा पाठ्य-चर्या बना सकते हैं|
3. वे दाखिला तथा शुल्क के विषय में अपने दिशा-निर्देश बना सकते हैं
4. वे उपाधि प्रदान क्र सकते हैं|

निम्नलिखित कूटों में से सहीं उत्तर का चयन करें:
कूट :
A. 1, 2 तथा 3
B. 2, 3 तथा 4
C. 1, 3 तथा 4
D. 1, 2, 3 तथा 4

51. मूल्य-शिक्षा का उद्देश्य निम्नाकित में से किस पर संकेद्रित कर अच्छी तरह से पूरा किया जा सकता है?
A. समाज में व्याप्त सांस्कृतिक प्रथाओं से
B. किसी सामाजिक समूह द्वारा निर्धारित आचरण के मानकों से
C. मानवीय मूल्यों के प्रति संवेदना से
D. धार्मिक तथा नैतिक व्यवहार तथा अनुदेशन से

52. निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?
1. राज्य सभा एक स्थायी सदन है, जिसे केवल राष्ट्रीय आपात-काल के दौरान ही भंग किया जा सकता है|
2. राज्य सभा राज्यों के स्थानीय हितों का प्रतिनिधित्व नहीं करती है|
3. राज्य सभा के स्तस्य को प्रतिनिधित्व करने वाले राज्यों के निर्देशों के अनुसार मतदान करना बाध्यकारी नहीं है|
4. राज्य सभा में किसी भी केन्द्रशासित क्षेत्र का प्रतिनिधित्व नहीं है|

निम्नलिखित कूटों में से सहीं उत्तर का चयन करें:

कूट :

A. 1 तथा 4

B. 2 तथा 3

C. 2, 3तथा 4

D. 1, 2, 3 तथा 4

53. कसी राज्य में राष्ट्रपति शासन की घोषणा के परिणामत: निम्नलिखित में से कौन सा तात्कालिक रूप में अनिवार्य नहीं होता है?

1. राज्य विधान सभा को भंग किया जाना|
2. राज्य मंत्रिमंडल की बर्खास्तगी किया जाना|
3. राज्य प्रशासन को केंद्र सरकार द्वारा अपने नियंत्रण में लेना|
4. नये मुख्य सचिव की नियुक्ति करना|

निम्नलिखित कूटों में से सहीं उत्तर का चयन करें:

कूट :

A. 1 और 4

B. 1, 2 और 3

C. 1, 2, 3 और 4

D. 2 और 3

54. राष्ट्रपति के प्रसाद-पर्यंत पद ग्रहण करने के बजाय, निम्नलिखत में से कौन सदाचरण-पर्यंत पद पर रहता है?

1. राज्य के राज्यपाल
2. भारत के महान्यायवादी
3. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश
4. केन्द्रशासित क्षेत्र का प्रशासक

निम्नांकित कूटों से सही उत्तर का चयन करें:

कूट :

A. केवल 1

B. केवल 3

C. 1 और 3

D. 1, 2, 3 और 4

55. शिक्षण-अधिगम संबंधों के संदर्भ में निम्नाकित कथनों के समुच्चय में से कौन सा स्वीकार्य कथन है? अपना उत्तर दर्शाने के लिए सही कूट का चयन करें|

i. जब छात्र किसी परीक्षा में असफल होते हैं, तो वह शिक्षक है जो असफल होता है|
ii. प्रत्येक शिक्षण का उद्देश्य अधिगम सुनिश्चित करना होता है|
iii. अधिगम के बिना शिक्षण हो सकताहै|
iv. शिक्षण के बिना कोई अधिगम नहीं हो सकता है|
v. कोई शिक्षक शिक्षण करता है, किन्तु वह सीखता भी है|
vi. वास्तविक अधिगम का अभिप्राय कंठस्थ किया जाने वाला अधिगम है|

कूट:

A. ii, iii, iv और v

B. i, ii, iii और v

C. iii, iv, v और vi

D. i, ii, v और vi

56. अभिकथन (A) : अधिगम एक जीवंत-पर्यंत प्रक्रिया है|

तर्क (R) : अधिगम के उपयोगी होने के लिए जीवन प्रक्रमों से जोड़ा जाना चाहिए|

A. (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R) ,(A) की सही व्याख्या है|

B. (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R) ,(A) की सही व्याख्या नहीं है|

C. (A) सही है, किन्तु (R) गलत है|

D. (A) गलत है, किन्तु (R) सही है|

57. शिक्षण की प्रभावकारिता का निर्णय निम्नाकित में से किस रूप में किया जाना चाहिए?

A. विषय-वस्तु के आच्छादन के आधार पर

B. छात्रों की अभिरूचि के आधार पर

C. छात्रों के अधिगम परिणामों के आधार पर

D. कक्षा में शिक्षण सहायक सामाग्रियों के उपयोग के आधार पर

58. निम्नाकित में से किस शिक्षण विधि में शिक्षार्थी की भागीदारी को इष्टतम तथा पहलकारी बनाया जाता है?

A. परिचर्चाओं की विधि में

B. युग्मित वार्ता सत्र की विधि में

C. विचारवेश सत्र की विधि में

D. परियोजना व्यवस्था से

59. शिक्षण प्रभावकारिता को प्रभावित करने वाला एक सर्वाधिक शक्तिशाली कारक किससे सम्बंधित है?

A. देश की सामाजिक व्यवस्था से

B. समाज की आर्थिक स्थिति से

C. विधमान राजनीतिक व्यवस्था से

D. शैक्षणिक व्यवस्था से

60. अभिकथन (A) : निर्माणात्मक मूल्यांकन अधिगम की गति को त्वरित बनता है|

तर्क (R) : सक्लानात्मक मूल्यांकन की तुलना में निर्माणात्मक मूल्यांकन अधिक विश्वसनीय है|

नीचे दिए गये कूटों से सही उत्तर का चयन करें:

A. (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R) ,(A) की सही व्याख्या है|

B. (A) और (R) दोनों सही हैं, और (R) ,(A) की सही व्याख्या नहीं है|

C. (A) सही है, किन्तु (R) गलत है|

D. (A) गलत है, किन्तु (R) सही है|

gradeup

Banking, SSC, GATE, JEE, NEET & other Online Mock Test Series

- Based on Latest Exam Pattern
- Available in Hindi & English
- Get all India rank & result analysis
- Detailed Solutions
- Can be taken on web & mobile

ANDROID APP ON Google play



www.gradeup.co